प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 12.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

000

- उच्च न्यायालय ने एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में, राज्य सरकार को भर्ती रद्द करने से जुडी सभी पत्रावलियां आज अदालत में पेश करने को कहा है।

- उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा ने राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक की, कहा–सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।

- 25वं आईफा अवार्ड्स इस बार जयपुर में–राजस्थानी संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

- महाकुंभ में माघ पूर्णिमा का विशेष स्नान जारी–प्रदेश में विभिन्न आयोजन–बेणेश्वर का मुख्य मेला आज।

000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को भर्ती रद्द करने से जुडी सभी पत्रावलियां आज अदालत में पेश करने को कहा है। इस मामले में कल अदालत ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए आरपीएससी की कार्यप्रणाली पर कडी टिप्पणी की। वीडियो कांफ्रेंस से पेश हुए आयोग के चेयरमैन से अदालत ने कहा कि विभिन्न भर्ती मामलों में आयोग ने चुप्पी साधी रही जो सही नहीं है। सुनवाई के दौरान एसओजी के एडीजी वी के सिंह व्यक्तिशः पेश हुए। श्री सिंह ने पेपर लीक को लेकर अब तक हुई जांच की जानकारी दी। सुनवाई के दौरान याचिकताकर्ता की ओर से अदालत में प्रार्थना पत्र पेश कर ईडी को पक्षकार बनाने की प्रार्थना की गई। अदालत ने इसे स्वीकार करते हुए प्रवर्तन निदेशालय, ईडी को भी पक्षकार बनाया है।

000

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा ने कहा है कि राज्य सरकार सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कल जयपुर में राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की 21वीं बैठक ली। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में समग्र दृष्टिकोण अपनाकर जनजागरूकता पर विशेष जोर दे रही है। बैठक में राज्य में सड़क सुरक्षा के वर्तमान परिदृश्य और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के संबंध में चर्चा की गई। डॉ. बैरवा ने इस अवसर पर सभी अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के लिए साझा जिम्मेदारी से काम करने को कहा। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा मानको का कडाई से पालन करवाने, जागरूकता अभियान चलाने और आवश्यक बुनियादी इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

000

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा है कि भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा और योग ने दुनिया भर में सम्मान हासिल किया है। श्री रावत अजमेर के महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में आयोजित एक संगोष्ठी के समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों ने न केवल पूर्वजों को स्वस्थ और दीर्घायु बनाया, बल्कि आज भी इनसे दुनिया में बहुत से उपचार मिल रहे हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों और वैज्ञानिक शोध के बीच तालमेल बैठाने का आह्वान किया।

000

सवाई–माधोपुर जिले में इन दिनों ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चला कर गांवों को स्वच्छ बनाने के प्रयास किये जा रहे है। 25 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान के तहत व्यापक स्तर पर सफाई के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

.....

000

25वें आईफा अवार्ड्स इस बार जयपुर में 8 और 9 मार्च को आयोजित किये जायेंगे। इसे लेकर पर्यटन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। कल विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि आईफा अवार्ड्स के जयपुर में  आयोजित होने से राजस्थान के पर्यटन को विश्व में पहचान मिलेगी। श्री जैन ने बताया कि अवार्ड्स के दौरान राजस्थानी संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

000

जैसलमेर में चल रहा विश्वविख्यात मरू महोत्सव आज संपन्न हो रहा है। चार दिन इस महोत्सव में देश विदेश के सैलानी लोकसंस्कृति के रंगों का आनंद ले रहे है। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि आज लखमणा के रेतीले धोरों पर सांस्कृतिक कार्यकम आयोजित किया जायेगा।

000

प्रयागराज में आज महाकुंभ का माघी पूर्णिमा स्नान चल रहा है। कल्पवास के विशेष अनुष्ठान के समापन के प्रतीक इस स्नान का विशेष महत्व है। इस वर्ष इसमें 10 लाख से अधिक कल्पवासी शामिल हो रहे है। उत्तरप्रदेश सरकार ने इस अवसर पर विशेष यातायात व्यवस्था के साथ ही मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की है। विश्व के सबसे बडे धार्मिक समागम– महाकुंभ मेला में अब तक 46 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई है।

000

माघ पूर्णिमा के अवसर पर आज प्रदेशभर के पवित्र सरोवरों और जल स्त्रोतों पर स्नान, दान और ध्यान के कार्यक्रम हो रहे है। भीलवाडा के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। सवाईमाधोपुर के रामेश्वर धाम पर लोग आस्था की डुबकी लगा रहे है। अजमेर के पुष्कर सरोवर में आज शाम जयपुर घाट पर महाआरती का आयोजन किया जायेगा। उधर डूंगरपुर जिले के बेणेश्वर धाम पर आज मुख्य मेला भर रहा है। सोम, माही और जाखम नदियों के त्रिवेणी संगम पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड उमड रही है।

.....

गौरतलब है कि माघ पूर्णिमा के साथ ही आज प्रदेश में जगह–जगह होली का डांडा रोपा जायेगा। चंग और ढप की थाप पर फागोत्सव के आयोजन भी शुरू हो जायेंगे।

000